छत्तीसगढ़ विधान सभा

दिसम्बर, 2020 सत्र

दैनिक कार्य सूची

सोमवार,दिनांक 21 दिसम्बर,2020 (अग्रहायण 30,1942)

समय 11:00 बजे दिन

1. निधन का उल्लेख

(1) श्री हीरासिंह मरकाम, छत्तीसगढ़ विधान सभा के पूर्व सदस्य।

(2) श्री पूरन लाल जांगड़े, अविभाजित मध्यप्रदेश विधान सभा के पूर्व सदस्य।

(3) श्री लाल महेन्द्र सिंह टेकाम, छत्तीसगढ़ विधान सभा के पूर्व सदस्य।

(4) श्री घनाराम साहू, छत्तीसगढ़ विधान सभा के पूर्व सदस्य।

2. प्रश्नोत्तर

पृथकतः वितरित सूची में सम्मिलित प्रश्न पूछे जायेंगे तथा उनके उत्तर दिये जायेंगे।

3. पत्रों का पटल पर रखा जाना

डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम, सहकारिता मंत्री, छत्तीसगढ़ सहकारी सोसाइटी अधिनियम,1960 (क्रमांक 17 सन् 1961) की धारा 58 की उपधारा (7) की अपेक्षानुसार छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी दुग्ध महासंघ मर्यादित के अंकेक्षण प्रतिवेदन वित्तीय वर्ष 2015–16, 2016–17, 2017–18 एवं 2018–19 पटल पर रखेंगे।

4. राज्यपाल की अनुमति प्राप्त विधेयकों की सूचना

5. सभापति तालिका की घोषणा

6. नियम 138 (1) के अधीन ध्यानआकर्षण

(1) सर्वश्री बृजमोहन अग्रवाल, शिवरतन शर्मा, सदस्य, प्रदेश में कोरोना (कोविड–19) के प्रकोप से मरीजों की मौतें होने की ओर स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे।

(2) श्री प्रकाश शक्राजीत नायक, सदस्य, एमएसपी स्टील एवं पावर लिमिटेड, रायगढ़ द्वारा बिना अनुमति के पेड़ों की अवैध कटाई एवं सड़क का चौड़ीकरण कराये जाने की ओर वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे।

7. नियम 139 के अधीन लोक महत्व के विषय पर चर्चा

निर्धारित समय
1 घंटा 30 मिनट

प्रदेश में हाथियों का उत्पात एवं हाथियों की मौत होने के संबंध में श्री धरमलाल कौशिक, नेता प्रतिपक्ष, चर्चा उठायेंगे।

चन्द्र शेखर गंगराड़े
प्रमुख सचिव
छत्तीसगढ़ विधान सभा.

रायपुर,
दिनांक 20 दिसम्बर,2020